

नवभारत
भोपाल, मंगलवार, 17 फरवरी, 2026

### एक नजर

## निशुल्क आयुर्वेद एनोरेक्टल चिकित्सा शिविर संपन्न

**नर्मदापुरम/16,फरवरी,2026/** मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग के तत्वावधान में शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय, नर्मदापुरम में एक दिवसीय नि:शुल्क एनोरेक्टल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ. एस.पी. वर्मा संभागीय अधिकारी, अनॉर्कटल सर्जन डॉ. राम सिन्हा एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. एस.आर. करोंजिया की उपस्थिति में भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्पित कर किया गया। शिविर में अर्श (बवासीर), भगंदर परिकार्तिका एवं अन्य गुदगत रोगों से पीड़ित 164 मरीजों की जांच की गई। विशेषज्ञ टीम में पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान, भोपाल से वरिष्ठ एनोरेक्टल सर्जन डॉ. राम सिन्हा, पीजी स्कॉलर डॉ. रवीन्द्र पाटिल, डॉ. गुंजन, डॉ. सोनाली एवं डॉ. शुभांगी शामिल थीं। जांच के बाद 98 मरीजों को क्षारसूत्र शल्यकर्म के लिए चयनित किया गया, जिनकी नि:शुल्क सर्जरी 23 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान, भोपाल में की जाएगी। इन मरीजों को 22 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक भर्ती होकर उपचार प्राप्त करने के लिए बुलाया गया है। शिविर का निरीक्षण संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. एस.पी. वर्मा ने किया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. एस.आर. करोंजिया के मार्गदर्शन में शिविर नोडल अधिकारी डॉ. ए.के. पुष्कर, डॉ. सविता पुष्कर, डॉ. ललिता उइके, डॉ. मिथिलेश उइके, डॉ. संदीप रघुवंशी तथा पैरामेडिकल स्टाफ ने सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जांच के बाद 98 चयनित मरीजों को नि:शुल्क सर्जरी 23 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान, भोपाल में की जाएगी।

# मूंग बनी भूसा, वेयर हाउसों से मूंग चोरी

## एकलव्य वेयर हाउस, शकुंतला वेयर हाउस, जगदंबा वेयर हाउस में चल रहा है अमानक मूंग का स्टॉक

**रेत, मिट्टी, भुसा और कचरा मिलाने का चल रहा है वेयर हाउस में खेल, दोनों विभाग के अधिकारियों ने आंखों में बांध रखी है पट्टी.**



**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 16 फरवरी 2026,** मप्र वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन विभाग में अधिकारियों की मिली भगत से बेयर हाउस में मूंग की जगह मिट्टी, मूंग की जगह भुसा, बेयर हाउस में रेत, मिट्टी और कचरे का भंडारण करने में विभाग के अधिकारी अपने आपको जिले में भंडारण और रखरखाव तथा वजन के मामले में अब्बल मान रहे हैं. गत दिवस ग्राम माखननगर के एकलव्य बेयर हाउस के संचालक आरती तोमर ने माखनगर थाने में एक आ वेदन दिया गया है कि जिसमें बताया गया है कि हमारे बेयर हाउस से मूंग की चोरी हो गई है जिसकी जांच कर पुलिस कार्यवाही की जा वे. बताया जाता है कि एकलव्य बेयर हाउस में मूंग के स्टॉक होने के पूर्व ही बीच वाले स्टेक के अंदर भुसे की बोरियां रखकर मूंग का वजन बताया गया. इसी के बाद यह मामला धीरे धीरे चर्चा में आने लगा तो प्रबंधक के उपर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यवाही करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया. वहीं दूसरी घटना ग्राम शोभापुर के शकुन्तला बेयर हाउस रेवा मुहारी गांव के पास स्थित है. इसमें भी बताया जाता है कि मूंग की चोरी पिछले दिनों हो गई है. लेकिन उसकी विभाग द्वारा और बेयर हाउस मालिक के द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है. सूत्र बताते हैं कि यहां भी भारी मात्रा में मूंग चोरी होना बताया गया है. विभाग के अधिकारी इस ओर कोई कार्यवाही करने की सोच भी नहीं रहे हैं. सेमरी स्थित जगदम्बा बेयर हाउस में भी हमेशा की तरह इस बार भी मूंग की जगह मिटटी औ र रेत मिलाकर स्टॉक किया गया है. बताया जाता है कि अधिकारियों को इस मामले की जानकारी तो रहती है लेकिन वह सामने आने पर अपनी तरफ से वक्तव्य देते हैं कि हमारे पास कोई जानकारी नहीं है. जांच करके हम बताएंगे. जिले के सभी बेयर हाउसों की यदि सही तरीके से जांच की जाए तो एक भी बेयर हाउस नियम के मुताबिक वहां रखे खाद्यान्न की क्वालिटी मिलेगी और न ही उनका वजन, साथ ही कचरा मिटटी और भुसा भारी मात्रा में मिलेगा. क्योंकि यहीं मिलाकर विभाग के अधिकारी एवं बेयर हाउस संचालक अपनी मोटी कमाई कर खुश रहते हैं.

## तेज रफ्तार दो बाइक की आमने सामने की भिड़ंत, सात घायल



जिंदगी की जंग लड़ रहा 4 साल का पीयूष, मदद को दौड़े स्थानीय लोग

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 16 फरवरी** सोमवार की शांत शाम अचानक चीख-पुकार में बदल गई, जब न्यास कॉलोनी स्थित 'साई की बगिया' गार्डन के सामने दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हृदय विदारक हादसे में मासूम बच्चे सहित कुल 7 लोग घायल हुए हैं। हादसे की सबसे दुखद तस्वीर 4 वर्षीय मासूम पीयूष मालवीय की रही। जहां बड़ों को शरीर पर बाहरी चोटें आईं, वहीं नन्हे पीयूष के सिर में अंदरुनी चोट लगी है। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां वह फिलहाल डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में है। एक मासूम की ऐसी हालत देख मौके पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। होशंगाबाद निवासी एक ही परिवार के पांच सदस्य दूसरी बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, जिन्हें इस बात का अंदाजा भी नहीं था कि अगले ही पल उनकी खुशियां पीड़ा में बदल जाएंगी। दिलीप प्रताप 38, दौलत देवहरे, सूरज, और सोनिया 32 सभी इस हादसे में घायल हुए हैं। पहली बाइक पर सवार दीपक ताम्रकार 42 और अजय सोनी 30 भी गंभीर रूप से चोटिल हुए, जिनके चेहरे और हाथ-पैरों पर चोट के निशान हादसे की भयावहता बयां कर रहे हैं। दुर्घटना होते ही आसपास के रहवासी और राहगीर देवदूत बनकर सामने आए। घायलों की कराह सुनकर लोगों ने तुरंत उन्हें संभाला और बिना समय गंवाए अस्पताल पहुंचाया। सड़क पर बिखरे वाहनों और घायलों की स्थिति देख हर कोई यातायात नियमों के पालन और सुरक्षा की दुआ करता नजर आया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की जा रही है और पुलिस हादसे के कारणों की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

## किसान जागृति यात्रा कल

**इटारसी।** 'क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन' के तत्वाधान में निकाली जा रही 'किसान जागृति यात्रा' के इटारसी आगमन पर आगामी 18 फरवरी बुधवार को एक विशाल आमसभा का आयोजन किया जाएगा। यह सभा जयस्तम्भ चौक पर सुबह 11 बजे से शुरू होगी। संयुक्त किसान मोर्चा की यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही है। यात्रा का उद्देश्य किसानों की मांगों के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल पंजाब, सह-संयोजक शांताकुमार कर्नाटक, पीआर पाण्डियन तमिलनाडु, अभिमन्यु कुहाड़ हरियाणा उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख किसान नेता संबोधित करेंगे।

## ई ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन में जिला, प्रदेश में द्वितीय

**वर्तमान में जिले के 51 शासकीय कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली पर ऑनबोर्ड कर लिया गया है।**

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/16,फरवरी,2026** / प्रदेश में शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को लागू करने एवं इसके सफल क्रियान्वयन में नर्मदापुरम जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस दिशा में जिले ने प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

जिला सूचना अधिकारी श्री मनीष गुणवान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जिले में अब तक 21882 से अधिक ई-फाइलों का सृजन किया जा चुका है तथा 1,12,359 से अधिक ई-फाइलों का आदान-प्रदान प्रमुख शासकीय कार्यालयों के मध्य किया गया है। इसके अतिरिक्त 51629 ई- रिसिप्ट को सृजित किया गया है। 3,33,568 ई-रिसिप्ट का आदान प्रदान हुआ है। वर्तमान में जिले के 51 शासकीय कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली पर ऑनबोर्ड कर लिया गया है। साथ ही 22 विकासखंड स्तरीय कार्यालय तथा कलेक्टर कार्यालय के 38 क्षेत्र भी ऑन बोर्ड किए गए हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर 111 यूनिट ऑनबोर्ड की गई है। साथ ही 1061 उपयोगकर्ताओं को ई-ऑफिस में ऑनबोर्ड किया गया है। इन कार्यालयों में अब पारंपरिक कागजी फाइलों के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से फाइलों और पत्रों का संप्रेषण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश अनुसार जिले के समस्त मुख्य कार्यालय का संचालन ई ऑफिस प्रणाली से किया जा रहा है। जिले में अब तहसील, अनुविभागीय कार्यालय, सहित जनपद पंचायत कार्यालयों में भी ई- ऑफिस प्रणाली से ही कार्यालयीन कार्य किया जा रहा है।

ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन से कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता, त्वरित कार्रवाई एवं कार्य कुशलता में वृद्धि हुई है, जिससे शासन की योजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो रहा है।

## विधायक की अनुशंसा पर 39 हितग्राहियों को मिला लाभ

**नर्मदापुरम**/सोहागपुर विधायक श्री विजय पाल सिंह की अनुशंसा पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से नर्मदापुरम, माखननगर, सोहागपुर एवं केसला के 39 हितग्रहियों के लिए 05 लाख 80 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। सोहागपुर विधायक श्री विजय पाल सिंह की अनुशंसा पर विधायक स्वेच्छानुदान निधि से 16 हितग्राहियों के लिए क्रमश: 25-25 हजार रूपये सहायता दी.

## इटारसी के ज्वेल नार्टन को बॉडीबिल्डिंग में मिला खिताब

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 16 फरवरी** नर्मदापुरम में संभाग स्तरीय बॉडीबिल्डिंग और मेन्स फिजीक चैंपियनशिप का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में संभाग भर के चुनिंदा बॉडीबिल्डर्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें इटारसी के उभरते खिलाड़ी ज्वेल नॉर्टन ने अपनी शानदार फिटनेस के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। खिताब- ज्वेल नॉर्टन को 'मेन्स फिजीक' कैटेगरी में चैंपियन ऑफ चैंपियन 2026) घोषित किया गया। प्रदर्शन ज्वेल ने अपनी बेहतरीन मस्कुलरिटी और स्टेज प्रेजेंटेशन से निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया। इस संभाग स्तरीय स्पर्धा में अलग-अलग जिलों के दर्जनों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। ज्वेल नॉर्टन की इस जीत पर इटारसी के खेल प्रेमियों और बॉडीबिल्डिंग जगत में हर्ष का माहौल है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि इस जीत से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी फिटनेस और बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

**ये बोले विजेता**

यह जीत कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। नर्मदा रत्न का खिताब जीतना मेरे और इटारसी शहर के लिए गौरव की बात है। **ज्वेल नॉर्टन, विजेता**

## दस्तक अभियान का द्वितीय चरण 17 फरवरी से 19 मार्च तक चलेगा

**नवभारत न्यूज**
**हरदा, 16 फरवरी** दस्तक अभियान का द्वितीय चरण 17 फरवरी से 19 मार्च 2026 तक संचालित किया जावेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी. सिंह ने बताया कि अभियान के तहत जिले के 9 माह से 5 वर्ष तक के लगभग सभी 59434 बच्चों को विटामिन ए को खुराक प्रोटोकॉल अनुसार पिलाई जाएगी। साथ ही दस्तक अभियान के प्रथम चरण में छ: माह से 5 वर्ष तक केएनीमिया के शिकार बच्चों की डिजिटल हीमोग्लोबिन मीटर से एनीमिया की जांच की जावेगी। एनीमिया के जांच के बाद मध्यम एवं अल्प एनीमिक बच्चों का आयरन सिरप द्वारा उपचार किया जावेगा एवं सीवियर एनीमिक बच्चों को ब्लड ट्रांसफ्यूजन हेतु स्वास्थ्य संस्था पर निशुल्क 108 एंबुलेंस के माध्यम से रेफर किया जावेगा। संस्था में बच्चों को विशेष चिकित्सकों की निगरानी में रक्त चढ़ा के उपचार किया जावेगा। इस हेतु सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण पूर्ण किया जा चुका है तथा सफल बनाने हेतु आवश्यक तैयारी की.

## नवदुर्गा बजरंग मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**हरदा** - गुर्जर मंगल भवन के सामने स्थित करूणानिधान नवदुर्गा बजरंग मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष मुकेश पाराशर ने बताया कि 18 से 20 फरवरी तक मंदिर परिसर में राधा कृष्ण भगवान की मूर्ति स्थापना समारोह होगा। पंडित हरिओम जोशी के सान्निध्य में पहले दिन दशविधि स्नान,हेमाद्रि संकल्प के बाद सुबह शोभायात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन अग्निस्थापना हवन, महास्नान, अन्नाधिवास होगा। तीसरे समापन दिवस पर महान्यास देव प्रतिष्ठा,पूर्णाहुति एवं महाआरती होगी।

## युवक युवतियों के लिये रोजगार का सुनहरा अवसर, 17 को लगेगा मेला

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 16 फरवरी** नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत नगर पालिका परिषद इटारसी एवं वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी के संयुक्त तत्वावधान में भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला 17 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक, गांधी मैदान के सामने स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। मेले में 5वीं से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण युवक-युवतियाँ भाग ले सकेंगे। यह अवसर विशेष रूप से 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए है। अधिक शैक्षणिक योग्यता के युवा भी शामिल हो सकते हैं। रोजगार मेले के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को 3 माह की अप्रेंटिसशिप प्रदान की जाएगी, जिसके उपरांत स्थायी नियुक्ति दी जाएगी।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि यह पहल इटारसी के बेटा-बेटियों को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने में एक बड़ा और सराहनीय कदम है।

## प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम** राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया की अनुशंसा पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 02 निर्माण कार्य के लिए 07 लाख 88 हजार 243 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। सांसद श्रीमती माया नारोलिया की अनुशंसा पर हितग्राहियों को शासन की ओर लाभ प्रदान किया.

## वकीलों ने किया न्यायिक कार्य से बहिष्कार

**नवभारत न्यूज**
**हरदा** वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर सोमवार को प्रतिवाद दिवस मनाकर अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। शिवपुरी में अधिवक्ता संजय सक्सेना की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या के विरोध में प्रदेश भर के वकीलों ने मोर्चा खोल दिया है। पूरे प्रदेश में प्रतिवाद दिवस मनाया। इसके चलते हरदा जिला मुख्यालय पर भी अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर काम बंद रखा। वहीं इस दौरान कोर्ट परिसर में एक शोकसभा आयोजित कर दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा को राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

## सेवाभावियों का किया सम्मान

**खिरकिया।** नगर में भगवान भोलेनाथ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा, जब शिवभक्त सेवा समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समिति के इस आयोजन का यह लगातार 21वां वर्ष रहा, जिसने श्रद्धा और उत्साह की नई मिसाल कायम की। शोभायात्रा का शुभारंभ कृषि उपज मंडी स्थित राधा कृष्ण मंदिर से हुआ। वहां से यात्रा प्रमुख मार्गों से होती हुई स्थानीय बस स्टैंड पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया।

## रेलवे ट्रेक पर मिला युवक का शव, चल रही थी शादी की तैयारी

**आशीष एक समोसे की दुकान पर काम करता था। काम पर जाने का कहकर घर से निकला था**

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 16 फरवरी 2026** मालवीयगंज क्षेत्र में उस वक्त शोक की लहर दौड़ गई, जब वार्ड नंबर 16 के एक 30 वर्षीय युवक का शव इटारसी-नर्मदापुरम रेलवे ट्रैक पर बरामद हुआ। मृतक की पहचान आशीष पिता सुरेश मलैया के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**काम पर जाने का कहकर निकला था घर से** - परिजनों के अनुसार, आशीष भारत टॉकीज के पास एक समोसे की दुकान पर काम करता था। रविवार सुबह वह हमेशा की तरह काम पर जाने का कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजन रात भर उसकी तलाश करते रहे और सोमवार सुबह पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की तैयारी में थे, तभी उन्हें ट्रैक पर शव मिलने की सूचना मिली।

**अधूरी रह गई शादी की हसरत** - आशीष दो भाइयों में छोटा था और दोनों भाई अभी अविवाहित थे। बताया जा रहा है कि घर में आशीष की शादी की तैयारियां चल रही थीं और परिजन उसके लिए रिश्ता देख रहे थे। लेकिन इस हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया।

**पुलिस जांच में जुटी**

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को कब्जे में लिया। एएसआई सुरेंद्र मालवीय ने बताया कि मृतक की पहचान के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए इटारसी सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

## मेरठ की टीम ने अवलोकन किया

**इटारसी।** जोनल कृषि अनुसंधान केंद्र पवारखेड़ा में भा.कृ.अनु.प-भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान मेरठ की टीम ने अवलोकन किया। इस दौरान मेरठ से आए प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर डॉ. एन रविशंकर, डॉ. एके पुरूस्टी और जबलपुर कृषि विश्वविद्यालय की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. नम्रता जैन ने केंद्र की एकीकृत कृषि प्रणाली परियोजना की समीक्षा की। टीम ने क्षेत्र का भ्रमण कर गेहूं, चना, जौ, सरसों और बरसीम जैसी रबी फसलों के प्रायोगिक कार्यों का मौके पर निरीक्षण और मूल्यांकन किया।



इटारसी . न्यास कालोनी शंकर मंदिर पर हुआ विशाल भंडारा

**विरोध का उग्र प्रदर्शन** जयस्तंभ चौक पर पहुंची रैली, जमकर की नारेबाजी

## अधिवक्ता की हत्या के विरोध में जिले के समस्त वकीलों ने सुरक्षा को लेकर भरी हुंकार

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 16 फरवरी** शिवपुरी जिले के करेरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की दिनदहाड़े गोली मारकर की गई नृशंस हत्या के विरोध में आज इटारसी के अधिवक्ता संघ ने उग्र प्रदर्शन किया। अभिभाषक संघ इटारसी के आह्वान पर सोमवार को जिले के समस्त वकीलों ने न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर प्रतिवाद दिवस मनाया और सुरक्षा की मांग को लेकर हुंकार भरी।

**कोर्ट परिसर से जयस्तंभ तक निकाली रैली** - सोमवार सुबह अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रमेश सिंह राजपूत और सचिव पारस जैन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने कोर्ट परिसर से रैली निकाली। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंची, जहां वकीलों ने जमकर नारेबाजी की। इसके पश्चात अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

**एक सप्ताह में लागू हो एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट** - अभिभाषक संघ के सचिव पारस जैन ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि, हम अपने संघ के अध्यक्ष रमेश राजपूत के आह्वान पर यह आंदोलन कर रहे हैं। शिवपुरी में हमारे एक साथी अधिवक्ता की भाड़े के हत्यारों ने हत्या कर दी है, जिससे पूरे प्रदेश के वकीलों में असुरक्षा की भावना है।

हमारी मुख्य मांग हत्यारों को फांसी और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल लागू करने की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर शासन द्वारा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं किया गया, तो प्रदेश भर के अधिवक्ता भोपाल में मुख्यमंत्री निवास/कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे।

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के समस्त अधिवक्तागण सोमवार को न्यायालयीन कार्य से विरत रहे। जिला अधिवक्ता संघ सचिव मनोज जराठे ने बताया कि अधिवक्ताओं ने एकत्रित होकर एडीएम राजीव रंजन पांडे को प्रतिवाद ज्ञापन सौपकर देश के माननीय प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किये जाने की मांग की है।ज्ञापन 12 बजे अतिरिक्त कलेक्टर को सौंपा गया। श्री जराठे ने बताया कि इसके पूर्व प्रधान एवं जिला सेंशन न्यायाधीश श्रीमती तृप्ति शर्मा को भी ज्ञापन सौंपा गया। श्री जराठे ने बताया कि एक सप्ताह बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें समस्याओ से अवगत कराया जावेगा। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दीपक जैन,वरिष्ठ अधिवक्ता एस एस ठाकुर के के जराठे एस एस पटेल, प्रशांत तिवारी,सरदार खान, विजया कदम,रोहित पालीवाल, प्रदीप चौबे, अजय तिवारी, बलवंत ठाकुर, राजा चौहान,सुरेंद्र राजपूत, नितेश गौर, संजेश राजपूत, सुरेंद्र सिंह राजपूत श्रीप्रकाश दुबे, योगेश पटेल,मनीष शर्मा, अनूप तोमर,सचिन चौबे, राजू मिश्रा दिलीप ठाकुर,जितेंद्र कौशिक,प्रीतम ठाकुर, कैलाश राजपूत,विपिन चौरसिया, अमित गुबरेले,कल्पेश दुबे, तरुण पांडे ,अभिषेक तिवारी,राजेंद्र सागर,सुंदरलाल वर्मा,ललित अहिरवार,राजेश चौरे,अखिलेश मिश्रा,हेमेंद्र ठाकुर,रविप्रताप दुबे,अजय प्रकाश श्रीवास्तव, हनुमत ठाकुर, रामकुमार दुबे,राजेश अग्रवाल, रत्नेश दुबे, जीत सिंह सिसोदिया,प्रताप ठाकुर,सहसचिव क्षमा चौहान,ग्रंथपाल पी डी चौरे, कार्यकारिणी सदस्य सौरभ तिवारी, सी के कुरापा,अभिषेक दीक्षित, प्रकाश कुशवाहा,दीपक सोन, अधिवक्ता संजीव बग्गन, अरविंद खंडेलवाल,राजेंद्र राजपूत, मनोज चौधरी,सफीक खान, रशीद खान,शादाब खान, मुकेश माचिया,आनंद यादव, जितेंद्र ठाकुर,अरविंद सिंघना, ए पी यादव आदि उपस्थित थे।

## प्रेशर हार्न लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**
**हरदा, 16 फरवरी** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सामाजिक सहायता योजनाओं में हितग्राहियों को नियमित पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करने के सामाजिक न्याय विभाग को निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि जरूरतमंदों को मिलने वाली सेवाओं में कोई कोताही न बरती जाए।

सामाजिक सहायता पेंशन से संबंधित लंबित शिकायतों का भी तत्परता से निराकरण किया जाए। जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांग पेंशन के लिये दिये जाने वाले मेडिकल सर्टिफिकेट में पूरी संवेदनशीलता के साथ दिव्यांगता का निर्धारण किया जाए। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विद्यार्थियों की परीक्षाओं के दृष्टिगत जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियम विरूद्ध उपयोग को नियंत्रित करने के तहसीलदार को निर्देश दिये। उन्होने कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित उपयोग होने की स्थिति में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्र जप्त किये जाए। इसके बावजूद भी यदि कोई व्यक्ति लोक प्रशांति भंग करने का प्रयास करता है तो उसको जेल भेजने की कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि जिले में डीजे का उपयोग पूर्व से ही प्रतिबंधित किया जा चुका है। कलेक्टर ने वाहनों में प्रेशर हॉर्न का उपयोग को भी सख्ती से प्रतिबंधित करने के जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये। बैठक में करताना से जुगारिया मार्ग को दुरूस्त करने के कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये गये। हंडिया रोड़ पर संचालित एक मेरिज गार्डन में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने की शिकायत मिलने पर नगर पालिका अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।